हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 13 अंक : 13 देहरादून, शनिवार, 29 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



चंपावत : आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द होगी सहायिकाओं की भर्ती : रेखा आर्य 3

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से आईटीबीपी महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने की मुलाकात






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 जून : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सचिवालय में आईटीबीपी महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने मुलाकात की । आईजी संजय गुंज्याल ने सीएस राधा रतूड़ी को बॉर्डर आउटपोस्ट की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने सीमांत जनपदों पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और चमोली के जिलाधिकारियों से शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया ताकि वन भूमि हस्तांतरण के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण हो सके। मुख्य सचिव ने आईटीबीपी को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। राधा रतूड़ी के आग्रह पर आईटीबीपी के चिकित्सकों द्वारा बॉर्डर के ग्रामों में निवासरत स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा देने पर सहमति बनी। बैठक में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं देने तथा टेलीमेडिसिन के माध्यम से दुर्गम इलाकों को हेल्थ केयर से जोड़ने पर चर्चा की गई। आईजी संजय गुंज्याल ने जानकारी दी कि आईटीबीपी स्थानीय किसानों से प्रोक्योरमेंट करने का भी प्रयास कर रही है।

## उत्तराखंड : पहाड़ों में सुहाना हुआ मौसम
## 7 जिलों में MDB का बारिश का अलर्ट





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 जून : आईएमडी ने प्रदेश के सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, एक हफ्ते देरी से पहुँचने के बाद मानसून अगले पूरे हफ्ते प्रदेशभर में जमकर बरसेगा। पर्वतीय आमजनों और चारधाम आने वाले यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।आखिरकार लम्बे समय के बाद मानसून ने प्रदेश में एंट्री ले ली है, इस बार मानसून सामान्य समय से पूरे एक हफ्ते देर से पहुंचा है।

पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदल गया है और बरसात शुरू हो चुकी है। पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन क्षेत्रों में मलबा और पत्थरों के गिरने की आशंका बनी रहेगी। इसके चलते चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड में बारिश को लेकर कहीं ऑरेंज तो कहीं येलो अलर्ट जारी किया गया है, इस दौरान सभी से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चंपावत, पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया, अन्य जिलों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। जुलाई की शुरुआत से हे प्रदेश में जमकर बारिश होगी। ग्रीष्म काल में पूरे प्रदेश में सूखा रहा लेकिन मानसून में इस वर्ष सामान्य से करीब 10 प्रतिशत अधिक वर्षा का अनुमान है।देहरादून का अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## भाजपा-कांग्रेस का जनसंपर्क जोरों पर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली ।बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह भंडारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को निजमूला घाटी के गांवों में पहुंच कर ग्रामीणों के बीच जनसम्पर्क कर वोट की अपील की। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र हटवाल ने बताया कि बदरीनाथ विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी के शुक्रवार को किए गए जनसम्पर्क में उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बदरीनाथ विधानसभा चुनाव प्रचार में कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला के पक्ष में चुनाव प्रचार में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शुक्रवार को गोपेश्वर नगर से सटे विभिन्न गांवों में पहुंच कर कांग्रेस के लिए वोट की अपील मतदाताओं से की। कांग्रेस के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द सिंह पंवार ने बताया पार्टी के वरिष्ठ नेता गणेश गोदियाल ने शुक्रवार को बमियाला, दोगडी, कांडई, टंगसा, गैर, बछेर सहित अन्य गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठकें कर कांग्रेस के लिए वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री करेंगे बदरीनाथ क्षेत्र में जनसभा

चमोली ।बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शीघ्र ही विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने शुक्रवार बताया कि मुख्यमंत्री के अलावा कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और वे स्वयं शामिल रहेंगे। फोन पर उन्होंने बताया कि भाजपा उपचुनाव प्रचार और जनसम्पर्क में कोई कोर कसर नहीं रखना चाहती है। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के बाद जिला मुख्यालय गोपेश्वर में आयोजित जनसभा में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री धामी की बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र में होने वाली जनसभाओं की तैयारी की जा रही है। चमोली के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत पिछले एक सप्ताह से बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के गांवों, नगरों में डेरा डालकर चुनाव प्रचार और जन सम्पर्क में जुटे है। भाजपा के तीन विधायक, राज्य मंत्री, चुनाव प्रभारी, प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी भी लगातार जनसम्पर्क और बैठकों में शामिल हो रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री को दिया आशीर्वाद

हरिद्वार ।अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज और आह्वान अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी ने केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से दिल्ली में भेंटवार्ता के दौरान उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही उन्होंने मंत्री को मनसा देवी के दर्शन के लिए हरिद्वार आने का निमंत्रण दिया। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि कहा कि धर्म सत्ता और राजसत्ता के समन्वय से भारत जल्द ही विश्व गुरु की पदवी पर आसीन होकर पूरी दुनिया को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि संत महापुरुषों के सानिध्य में ही कल्याण और अध्यात्म का मार्ग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि और संत महापुरुषों की तपस्थली है।

# नर्वस सिस्टम में गड़बड़ी के संकेत हैं नींद न आना, चिड़चिड़ापन और खराब पाचन तंत्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 जून : शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए तंत्रिका तंत्र बहुत ज़रूरी है। तंत्रिका तंत्र शरीर के लगभग सभी कार्यों जैसे सांस लेना, हिलना-डुलना और याददाश्त के लिए ज़िम्मेदार होता है। इसके अलावा यह शरीर के विभिन्न भागों के बीच संकेतों और सूचनाओं के आदान-प्रदान का भी कार्य करता है। लंबे समय तक तनाव और नींद की कमी तंत्रिका तंत्र को खराब कर सकती हैं। खराब या असंतुलित तंत्रिका तंत्र के कई मानसिक और शारीरिक लक्षण होते हैं।

1. एकाग्रता की कमी

तांत्रिक तंत्र असन्तुलि होने की स्थित में आपका दिमाग हमेशा थका हुआ महसूस करता है और आपको उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करने में समस्या होती है, जिसमे पहले आपकी रुचि थी। जिसके चलते आपके लिए निर्णय लेना या स्पष्ट रूप से सोचना मुश्किल हो जाता है।

2. नींद की कमी

एक स्वस्थ शरीर के लिए कम से कम 7 से 9 घंटे नींद जरूरी होती है। यदि आप पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं, तो यह आपके शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। नींद की यह कमी आपकी थकान को बढ़ाती है।3. मांसपेशियों में तनाव और कमजोरीआपको लगता है कि आपकी मांसपेशियाँ थकी हुई हैं और आपके शारीरिक मूवमेंट करने में परेशानी हो रही है या हाथों की उंगलियों और पैरों में सुन्नता महसूस होती है, तो समझ जाइए कि आपकी तंत्रिका तंत्र में कुछ समस्या है।4. चिड़चिड़ापनआप अक्सर चिड़चिड़ापन महसूस करते हैं। अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में परेशानी होती हैं। बिना किसी कारण के उदास और चिंतित रहते हैं। हमेशा बेचैनी बनी रहती है। जिसके चलते आपको लगातार कुछ न कुछ करने की ज़रूरत महसूस होती है। आपको स्थिर नहीं बैठ पाते।5. ध्यान केंद्रित करने में कठिनाईतंत्रिका तंत्र के असंतुलित होने पर व्यक्ति को अक्सर दोहरी दृष्टि का अनुभव होता है। दृष्टि धुंधली हो जाती है। किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है।6. पाचन संबंधी समस्याएंतंत्रिका तंत्र असंतुलित होने पर कब्ज और दस्त जैसी पाचन समस्याएं हो सकती हैं। आपको पेट फूलने का भी अनुभव हो सकता है। स्वस्थ तंत्रिका तंत्र पाचन और मल त्याग को विनियमित करता है। तंत्रिका तंत्र के अव्यवस्थित होने पर व्यक्ति को पेट की समस्याएं होती हैं।



# कई बीमारियों की लिए रामबाण दवा हैं ये बीज, लीवर तक को रखता है दुरुस्त

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 जून : महुआ के बीज जिसे स्थानीय भाषा में कोचाड़ा और कोइनी कहा जाता है. उसे बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है.क्योंकि, सदियों से आदिवासी समाज में बहुत महुआ के बीज का उपयोग औषधि के रूप में किया करते आ रहे हैं. ऐसे में बोकारो के वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर ने महुआ के बीज के लाभदायक औषधि गुणों की जानकारी देते हुए बताया कि महुआ का बीज एक सुपर फूड है. जिसे कई सारी शारीरिक समस्या को आसानी से दूर किया जा सकता है। महुआ के बीज के तेल में सूजन को कम करने के गुणकारी तत्व मौजूद होते हैं. जो जोड़ों के दर्द की समस्या को दूर कर आराम पहचते हैं.

इसे अर्थराइटिस, सूजन संबंधित रोगों में राहत दिलाता है. इसके लिए रोजाना 10 से 15 ml महुआ के बीच का तेल को अगर प्रभावित जगह पर मसाज करें तो बेहतर परिणाम मिलते हैं.महुआ के बीज के तेल में लिवर टॉनिक के गुण होते हैं जो वजन नियंत्रित कर शरीर के मेटाबॉलिज्म को भी सुधारता है. वसा को जलाने में सहायता करता है. इसके लिए प्रतिदिन 2 से 5 ml महुआ के बीज तेल के सेवन से लिवर स्वस्थ रहता है. महुआ का तेल में मौजूद गुणकारी तत्व बालों की जड़ों को



मजबूत करता है. इसके एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण रूसी और खुजली से भी बचाते हैं। महुआ के बीज का तेल त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे खुजली को दुर करता है. इससे त्वचा रोगों में राहत पहुंचाता है. यह त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और नेचुरल प्रदान करता है

# हद से ज्यादा सुंदर है ऋषिकेश का यह हिडन पूल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 29 जून : उत्तराखंड में स्थित ऋषिकेश एक पावन तीर्थ स्थल है. हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं. तीर्थ स्थल होने के साथ ही ऋषिकेश एक सुंदर पर्यटन स्थल भी है. यहां कई सारे सुंदर वॉटरफॉल और बीच हैं. आज हम भी आपको ऋषिकेश के छिपे खजाने के बारे में बताने वाले हैं. इस खास हिडन पूल के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं।

ऋषिकेश में स्थित तपोवन से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर एक पुल बना हुआ है. यह एक प्राकृतिक पुल है, जिसे किसी के द्वारा नहीं बनाया गया है. जंगल के बीचों बीच मौजूद ये पूल एक प्राकृतिक पुल है, जो अपनी सुंदरता के चलते सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है. यहां आपको बाकी जगह की तरह कोई चार्ज नहीं देना होगा, ये पूल सभी के लिए एक दम निशुल्क है. आप यहां अपने परिवार, दोस्तों के साथ पानी में नहा सकते हैं. ये पूल यकीनन आपकी ऋषिकेश ट्रिप को और ज्यादा यादगार बना देगा। ऋषिकेश घूमने आए पर्यटक ने बताया कि वे अक्सर ऋषिकेश आते रहते है. यहां मौजूद सुंदर पर्यटन स्थल वॉटरफॉल और बीज उन्हें काफी पसंद है. इसी वजह से वे हर साल या तो दोस्तो के साथ या फिर अपने परिवार के साथ यहां आते ही है. वहीं, इस हिडन पूल में भी वे कई बार आ चुके हैं. उन्होंने बताया कि जहां बाकी वाटर पार्क या




पूल में पैसे देने पड़ते है. वहीं ये पूल उनसे ज्यादा सुंदर और निशुल्क है। आपकी जानकारी के लिए बता दे ये हिडन पूल ऋषिकेश से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. यहां पहुंचने के लिए आपको 2 किलोमीटर का ट्रैक करना होगा. इसके अलावा आप यहां किस भी दो पहिया वाहन से पहुंच सकते हैं।

# इस महिला के अनोखे टैलेंट के कदरदान हैं मर्द, जमकर लुटाते हैं पैसा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 जून : आज के समय में किसी इंसान के लिए पैसा कमाना कोई बड़ी बात नहीं है. एक समय हुआ करता था कि लोग पैसा कमाने के लिए जी-तोड़ मेहनत किया करते थे,तब कहीं जाकर वो इतने पैसे कमा पाते थे. जिससे वो अपने घर को चला सके और भविष्य के लिए कुछ पैसों को जोड़ सके. अब चीजें लोगों के बीच ऐसी बदली है कि लोग कुछ से कुछ बेचकर पैसा कमा रहे हैं. ऐसी ही एक लड़की इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में है. जो सिर्फ अपने पैर की तस्वीरें खींचकर पैसे कमाती है।



आपको जानकर हैरानी होगी कि ये महिला इसके साथ ही वो पैर से अंजान मर्दों के नाम लिखकर उन्हें वो कागज बेचकर भी मोटी कमाई करती है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये महिला अपने पोस्ट के जरिए बताया कि ये अपने पैरों की फोटोज और वीडियोज बेचकर पैसे कमाती है. रिपोर्ट के मुताबिक ये महिला अपने पैरों से कागज पर लिखती है, और फिर उस कागज को मर्दों को बेचती है. हैरानी की बात यहां ये है कि आप यहां महिला की कमाई जानेंगे, तो आपके होश उड़ जाएंगे।


मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये महिला अपने काम के जरिए 25 डॉलर से 600 डॉलर (2 हजार रुपये से 50 हजार रुपये) तक आराम से मिल जाते हैं. अपने एक पोस्ट में लड़की ने बताया कि वो इन पैसों से अपना स्टूडेंट लोन चुका रही है, साथ ही वो अपने घर का रेंट भी इसी के जरिए चुका दे रही है. फिलहाल जो वीडियो इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में है. उसमें वो एक लड़के का नाम लिख रही है. जिसके लिए उसे आराम से 300 डॉलर मिल जाएंगे. वीडियो में वो ये भी बता रही है कि इसके अलावा वो कई और तरह के संदेश लिखकर लोगों को बेचती है।

# जरूरत से ज्यादा काम करना महिला कर्मचारी को पड़ा भारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 जून : अच्छा काम करने वालों की अहमियत क्या होती है, ये तो हर नौकरी करने वाले इंसान को पता ही है और जो ढिंढोरा पीटकर बस काम चलाऊ काम करते हैं, उनकी नौकरी पर हमेशा खतरा मंडराता है. अक्सर दफ्तरों में देखा जाता है कि, मन लगाकर ईमानदारी से काम करने वालों की हर जगह इज्जत होती है. यही नहीं उनका प्रमोशन भी बाकी एम्पलाई की तुलना में अच्छा खासा होता है, लेकिन क्या हो जब कंपनी सर्व गुण संपन्न यानि की अच्छा काम होने के बावजूद किसी को नौकरी से निकाल दे तो क्या होगा, यकीनन हैरानी होना लाजिमी है, लेकिन हाल ही में एक महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर कर दावा किया है कि, उसे उसके बॉस ने नौकरी से निकाल दिया, क्योंकि वो अपने काम में जरूरत से ज्यादा ही अच्छी थी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो शेयर करते हुए महिला ने बताया कि, 'मुझे कल नौकरी से निकाल दिया गया, इसका एक कारण यह है कि मैं बहुत कुशल हूं. कल मेरे बॉस हमारी सुबह की मीटिंग में मुझसे कह रहे थे कि वह हमारे आने वाले इवेंट्स के बारे में बात करने के लिए सेल्स डायरेक्टर के साथ मीटिंग शेड्यूल करने वाले हैं.' महिला ने दावा किया है कि, उसने



अप्रैल तक का काम पहले ही खत्म कर दिया. बावजूद इसके उसके साथ ऐसा हुआ। महिला ने बताया कि, उसने सारा डेटा प्रोजेक्ट से संबंधित सॉफ्टवेयर में तय समय से पहले ही डाल दिया था. महिला ने दावा किया है कि, उसने इतनी जल्दी काम खत्म कर के दे दिया, बावजूद इसके खुश होने की जगह बॉस का उसका जल्दी काम करना रास नहीं आया और बॉस ने उसे नौकरी से निकाल दिया. यही नहीं महिला ने ये भी आरोप लगाया कि उसका बॉस ज्यादातर समय एबसेंट रहता था, यही वजह थी कि उसे अपने बॉस का भी काम करना पड़ता था. महिला की इस पोस्ट के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# चंपावत : आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द होगी सहायिकाओं की भर्ती : रेखा आर्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चम्पावत 29 जून : अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान जनपद चंपावत पहुंची बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में जल्द ही आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिकाओं की भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से पहली बार प्रदेश स्तर पर मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों का उच्चीकरण करते हुए पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र बनाए गए हैं इसके बाद अब जल्द ही इन सभी केंद्रों पर सहायिकाओं की भर्ती की जाएगी। बताया कि अभी तक जितने भी मिनी आंगनबाड़ी केंद्र थे सभी का उच्चीकरण करते हुए उन्हें पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है। जिन केंद्रों में सहायिकाओं की कमी है उनको देखते हुए जल्द ही पूरा किया जाएगा। बाल विकास मंत्री ने कहा कि इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को भी जारी कर दिए गए हैं। और प्रत्येक जिले से इसका डाटा तैयार किया जा रहा है जल्द ही उसके सापेक्ष भर्तियां शुरू की जाएंगे। जिससे महिलाओं को रोजगार मिल सकेगा।



# सैन्य धाम के निकट ब्राह्मण गांव में होगा उपनल के कार्यालय का निर्माण : मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 29 जून : सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कैंप कार्यालय में उपनल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा विभागीय मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया गया की देहरादून स्थित गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्य धाम के निकट ब्राह्मण गांव में उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल) के कार्यालय के निर्माण हेतु लगभग 03 बीघा भूमि का चयन किया गया है और राज्य सरकार द्वारा उपनल को भूमि दिये जाने संबंधी शासनादेश जारी कर दिया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त की और शीघ्र कार्यालय के निर्माण के लिए संबंधित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपनल में राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को दुर्घटना होने पर 50 लाख रुपए तक के बीमा का लाभ कर्मचारियों को प्रदान किए जाने हेतु भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एमडी उपनल ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट, डीजीएम मेजर हिमांशु रौतेला उपस्थित रहे।

## चंडिका देवी की भ्रमण यात्रा की तैयारियां शुरू


चमोली।सात सितंबर से आयोजित होने वाली राजराजेश्वरी चंडिका देवी की भ्रमण यात्रा की बैठक मंदिर परिसर सिमली में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सिमली, सेनू, जाख, सुदंरगांव, कोली, पुड़ियाणी तथा गैरोली गांवों से उप समितियों का गठन कर सदस्य चयनित किये जाएंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत टकोला, मलक नेगी, देवेंद्र नेगी व इंद्रसिंह नेगी ने कहा कि देवरा यात्रा की तैयारियां शुरु हो गई हैं। इस मौके पर मंदिर के पुजारी प्रदीप गैरोला, मनोज पुंडीर, महिपाल सिंह, बलवीर सिंह, मंगल सिंह, गोपाल सिंह, दयाल सिंह, देवेंद्र बिष्ट आदि थे।


## पिंडर घाटी में शंकराचार्य का स्वागत

चमोली।ज्योतिर्लिंग के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का शुक्रवार को पिडर घाटी के मां काली मंदिर कुलसारी, बद्रीनारायण संस्कृत विद्यालय रायकोली, थराली में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। उन्होंने अपने भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वे जनचेतना और प्रदेशवासियों की सुख शांति की कामनाओं के साथ 108 मन्दिरों के दर्शन और आम नागरिक तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि चमोली का नाम शास्त्रों के अनुसार चंद्रमोली है, जो भगवान का साक्षात स्वरूप है। इसलिए उन्होंने निर्णय लिया कि विश्व के कल्याण की बात भगवान विष्णु की धरती चमोली से की जाए। चमोली मंगलम यात्रा में उनके साथ संत ब्रह्मचारी मुकुंदानंद, पूर्व धर्माधिकारी जगदंबा सती, अपर धर्माधिकारी कुशला नंद बहुगुणा, डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी, अखिलेश डिमरी प्रवीण नोटियाल, अभिषेक बहुगुणा आदि चल रहे हैं।

# पिथौरागढ़ : सेल्फी के चक्कर में गई महिला फार्मासिस्ट की जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





पिथौरागढ़ 29 जून : 37 वर्षीय सोनल पायल अपने पति के साथ पिथौरागढ़ के मटेला क्षेत्र में बाइक से घूमने के लिए निकली थी, इस दौरान रास्ते में वादियों के बीच दोनों सेल्फी लेने लगे तभी अचानक सोनल का बैलेंस बिगड़ा और वह 100 मीटर खाई में जा गिरी और उनकी मौत हो गई।

पहाड़ो पर सेल्फी लेना खतरनाक है लेकिन कई बार लोग इसे इग्नोर करते हैं जिसका नतीजा ये होता है की उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ती है। आज ऐसा ही एक मामला पिथौरागढ़ से आया है जहाँ पर पति-पत्नी बाइक से घूमने निकले थे और इस दौरान पहाड़ी वादियों के बीच फोटो के लिए रुके और पहाड़ी पर खड़े होकर सेल्फी लेने के दौरान 37 वर्षीय सोनल पायल का पैर फिसल गया और वो अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। यह देख पति भी खाई में उतर गया और फिर जंगल में रास्ता भटक गया।

इसके बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी और फिर पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को खाई से बरामद किया। फिर जंगल में भटके पति को भी सुरक्षित सड़क तक पहुँचाया। बताया जा रहा है की महिला पिथौरागढ़ के एक अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट के पद पर तैनात थी और मूलरूप हरिद्वार जिले के रुड़की शहर की निवासी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक विनोद कंडारी ने किया भुवनेश्वरी मंदिर चाका से नौली तोक मोटरमार्ग के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास

श्रीनगर गढ़वाल। देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्रांर्गत भुवनेश्वरी मंदिर चाका पिछवाड़ा से नौली तोक होते हुए मोटरमार्ग का नवनिर्माण कार्य का शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम में विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि राज्य योजना के अंतर्गत भुवनेश्वरी मंदिर चाका पिछवाड़ा से नौली तोक होते हुए नगर तक 5 किलोमीटर के नवनिर्माण मोटरमार्ग 1 करोड़ 72 लाख 35 हजार रूपये की लागत से पूर्ण किया जायेगा। कहा कि देवप्रयाग विस क्षेत्र का अब ऐसा कोई गांव नहीं होगा जो सड़क से अच्छादित न हो। कहा कि वह जनता की हर एक समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करने को प्रयासरत है। इस मौके पर विधायक विनोद कंडारी ने निर्माणदायी संस्था क लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अधिशासी अभियंता डीपी आर्य सहित आदि मौजूद थे।

### उफल्डा के पास एनएच पर बने गड्ढे भरने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर उफल्डा के समीप सड़क पर बना गहरा गड्ढा दुर्घटना को न्योता दे रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को उद्योग व्यापार मंडल श्रीनगर के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी और डांग व्यापार सभा के अध्यक्ष सौरभ पांडे ने एनएच विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत उफल्डा पर हाईवे पर गहरा गड्ढा बना हुआ है। जोकि कभी भी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है। उन्होंने समय रहते गड्ढे को भरने की मांग की है।

### सीडीओ अध्यक्षता में हुई चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक

नई टिहरी। शुक्रवार को सीडीओ डा अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ प्राथमिकता के आधार पर जनपद के समस्त स्थानीय नागरिकों एवं ग्रामीणों को देने के साथ ही प्रत्येक पात्र व्यक्ति एवं उसके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाने के साथ ही जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में प्रत्येक माह स्वास्थ्य सम्बन्धी कैम्प लगाने के निर्देश सीडीओ ने दिए। सभी चिकित्साधिकारियों को सीडीओ ने बरसात के सीजन में अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई रखने के साथ ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमओ डा मनु जैन, सीएमएस अमित राय सहित जनपद में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

### गढ़वाल विवि में वेबिनार आज

नई टिहरी। शनिवार को एचएनबी गढ़वाल विवि के सांख्यिकी विभाग, पीजी कॉलेज के सांख्यिकी विभाग और पुरातन छात्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय वेबिनार और सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रेनू नेगी और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. ओके बेलवाल ने दी।

### प्रधान संगठन देवप्रयाग ने की केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग

नई टिहरी। ग्राम प्रधान संगठन, देवप्रयाग ने मुख्य सचिव उत्तराखंड से विकास खण्ड मुख्यालय हिंडोलाखाल मे केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति दिये जाने का अनुरोध किया है। संगठन ने इस बावत मुख्य सचिव को ज्ञापन भी प्रेषित किया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को भेजे गए ज्ञापन में संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह चौहान ने कहा कि भारत सरकार द्वारा हर ब्लॉक में नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की घोषणा की गयी है। देवप्रयाग ब्लॉक की बिडाकोट व छाम ग्राम पंचायतों द्वारा नैखालियों नामक तोक में केन्द्रीय विद्यालय निर्माण को भूमि भी दान दी गई है। इस भूमि की मिट्टी की जांच व अन्य मानक सम्बन्धी सभी कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। शिक्षा विभाग की ओर से अस्थायी केंद्रीय विद्यालय संचालन के लिये 15 कमरों की आवश्यकता बताई गई है। संगठन अध्यक्ष चौहान के अनुसार इसके लिए राइंका दुरोगी व पॉलिटेक्निक हिण्डोलाखाल में खाली पड़े कमरो व काश्तकारों के द्वारा दी गई भूमि पर भी इसकी अस्थाई व्यवस्था की जा सकती है। संगठन ने मुख्य सचिव से इस मामले में अपने स्तर से कारवाही किये जाने का अनुरोध किया है।

### बौराड़ी से शराब की दुकान हटाने की मांग

नई टिहरी। पीजी कालेज नई टिहरी के छात्रसंघ अध्यक्ष युवराज सिंह ने शुक्रवार को डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर बौराड़ी नगर में राजमार्ग से लगे अंग्रेजी शराब के ठेके को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। ऐसा न करने पर नगर वासियों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। युवराज का कहना है कि नगर के बीचों-बीच राजमार्ग पर अवस्थित शराब की दुकाने से पूरे बाजार का माहौल खराब हो रहा है। प्रशासन से बार-बार की शिकायत के बाद भी शराब की दुकान को हटाया नहीं जा रहा है।

### सांदर गांव में क्षतिग्रस्त रास्तों को लेकर ग्रामीणों ने जड़े लोनिवि दफ्तर में ताले

रुद्रप्रयाग।मुख्यालय से सटे सांदर गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव में सड़क बनाने के दौरान क्षतिग्रस्त किए सम्पर्क मार्ग, गौशाला और पुश्तों का निर्माण न करने पर लोनिवि दफ्तर में तालाबंदी की। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने लोनिवि कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। साथ ही मांग पूरी न होने पर दोबारा तालाबंदी की चेतावनी दी। बाद में अधिकारियों के मौके पर जाकर निरीक्षण कर कार्रवाई का भरोसा देने के बाद ग्रामीण शांत हुए। वहीं ग्रामीणों के विरोध पर लोनिवि द्वारा दो जेसीबी गांव में भेज दी गई है। जबकि कार्यवाही का भरोसा दिया है।

### केदारनाथ धाम में दिनभर खराब हो रहा मौसम

रुद्रप्रयाग।उत्तराखंड में मानसून की दस्तक के साथ ही केदारनाथ धाम में मौसम दिनभर खराब हो रहा है। सुबह 9 बजे तक यहां मौसम साफ है जबकि इसके बाद शाम 4 बजे तक कोहरा लगा है। जबकि फिर इसके बाद मौसम साफ हो रहा है। ऐसे में यात्रियों को मुश्किलें भी उठानी पड़ रही है। बीते कई दिनों से केदारनाथ में बारिश और कोहरा लगने का सिलसिला जारी है। हालांकि केदारनाथ के मौसम को लेकर ज्यादा कुछ कहा नहीं जा सकता है। बरसात के सीजन में ज्यादा दिक्कतें पेश आती है। एक ओर पैदल मार्ग पर बारिश में भूस्खलन और पत्थर गिरने का भय बना रहता है वहीं चारों ओर कोहरा लगने के कारण यात्रियों को परेशानियां भी उठानी पड़ रही है। बीते कई दिनों से केदारनाथ में सुबह 9 बजे तक मौसम ठीक है किंतु इसके बाद केदारपुरी के चारों ओर बादल घिर रहे हैं और वर्षा होते ही कोहरा भी लग रहा है। ऐसे में आवाजाही में यात्रियों को दिक्कतें हो रही है।

# Jio ने यूजर्स को दिया तोहफा, महंगे रिचार्ज के साथ फ्री मिलेगी ये सर्विस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 जून : Jio की तरफ से प्लान की कीमत में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया है। लेकिन इसके साथ यूजर्स को कंपनी की तरफ से एक तोहफा भी दिया गया है। जियो की तरफ से साथ में दो नई मोबाइल एप्लीकेशन भी लॉन्च की गई है। ये जियो सेफ और जियो ट्रांसलेट के नाम से मार्केट में उतारी गई हैं। ये जियो यूजर्स का एक्सपीरियंस काफी अच्छा करने वाली हैं। जियो प्लान बढ़ाने के साथ कहा जा सकता है कि यूजर्स को इससे थोड़ी राहत जरूर मिलने वाली है।

Jio Safe का अभी फ्री सब्सक्रिप्शन दिया जा रहा है, लेकिन आपको बाद में इसे खरीदना होगा और इसके लिए 199 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से चार्ज किया जाएगा। ऐसे में कहा जा सकता है कि सिक्योर कॉलिंग, मैसेजिंग और फाइल ट्रांसफर के लिए ये काफी अच्छा ऑप्शन साबित होने वाला है। इस ऐप में पर्सनल और बिजनेस कम्युनिकेशन के लिए सिक्योरिटी प्रोवाइड करवाई गई है। साइबर थ्रेट से बचने के लिए इस ऐप को लाया गया है।

Jio Translate ऐप भी काफी अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। इसमें AI-पावर्ड मल्टी-लिंग्वल कम्युनिकेशन टूल दिया जाता है। इसके लिए हर महीने 99 रुपए का भुगतान करना होगा। इस ऐप की मदद से वॉयस कॉल्स, वॉयस मैसेज, टेक्स्ट और तस्वीरों के अलग-अलग भाषाओं को भी ट्रांसलेट कर सकते हैं। यानी कुल मिलाकर देखा जाए तो ये यूजर्स का एक्सपीरियंस बेहतर करने के लिए डिजाइन की गई हैं।

जियो यूजर्स को एक साल तक इन ऐप्स के लिए कोई भुगतान नहीं करना होगा। दोनों ही ऐप्स को एक साल के लिए बिल्कुल फ्री दिया जा रहा है। ये ऑफर 298 रुपए प्रति माह का होने वाला है। क्योंकि इसके बाद आपको इन ऐप्स का सब्सक्रिप्शन खरीदना होगा। हालांकि ये फैसले प्लान की कीमत बढ़ाने के साथ लिया गया है जो यूजर्स को थोड़ी राहत देने वाला है।




# हाथ में कागज लेकर DM ऑफिस पहुंचे दो मासूम बच्चे, उनकी बातें सुन अधिकारी हो गए हैरान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 जून : तस्वीरों में पहले इन दो छोटे मासूम बच्चों को देख लीजिए. आप भी इनकी हिम्मत और हौसले के मुरीद हो जाएंगे. देखने में भले ही इनकी उम्र आपको छोटी नजर आ रही होगी. लेकिन इनकी शिकायत उनसे कई गुना बड़ी है. गांव से 7 किलोमीटर का सफर तय कर यह दोनों बच्चे आगरा जिलाधिकारी के पास पहुंचे हैं. जब जिला अधिकारी ऑफिस में इन बच्चों ने अपनी फरियाद अधिकारियों को सुनाई तो वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए. दोनों बच्चे हाथ में एक शिकायत पत्र लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचे और अधिकारियों से कहा कि हमने अखबार में पढ़ा था. CM अंकल ने कहा कि तालाबों पर कब्जा नहीं होगा. लेकिन हमारे गांव में कुछ लोग तालाब पर मिट्टी डालकर कब्जा कर रहे हैं. उसी की शिकायत करने हम आए हैं।

बीते दिन तकरीबन 12:00 बजे दो बच्चे हाथ में सफेद कागज लेकर जिला मुख्यालय स्थित डीएम ऑफिस में दाखिल होते हैं .12 और 13 साल के दो बच्चे कमरे में घुसते ही पूछते हैं कि डीएम साहब यहीं बैठते हैं. पता चला कि आज DM साहब बाहर हैं. सामने अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय सतीश कुशवाहा सुनवाई कर रहे थे. ACM के सामने पहुंचकर एक बच्चे ने कहा कि अंकल मेरा नाम पीयूष है और ये मेरा भाई विनय है. हम शिकायत लेकर आए हैं. यह सुनकर सभी लोग हैरान रह गए. पूछने पर बताया हमारा गांव सुचेता (पथौली) है. वहां पर लगभग 100 साल पुराना तालाब है. तालाब पर कुछ लोग मिट्टी डालकर उसे पाट कर कब्जा कर रहे हैं .अगर तालाब पर कब्जा हो गया तो वर्षा का पानी भरेगा और उसमें गंदगी और मच्छर पैदा होंगे .बच्चों की हिम्मत देखकर अधिकारी भी दंग रह गए।

हालांकि जिला अधिकारी से बच्चों की मुलाकात नहीं हो पाई. लेकिन मौके पर सुनवाई कर रहे ACM ने शिकायत पड़ी और उस शिकायत पर मार्क करते हुए तहसील में जाकर एसडीएम को देने को कहा. एसडीएम कार्यालय में शिकायत पत्र जमा कर दिया गया है. पीयूष और विनय ने कहा कि तालाब से कब्जा हट जाए और इसकी ठीक तरीके से सफाई हो जाए. हालांकि जिला अधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी ने कहा कि सुचेता गांव में तालाब पर कब्जे की शिकायत मिली है. टीम भेज कर जांच कराई जाएगी. अगर शिकायत सही मिलती है, तो तालाब से कब्जा हटाया जाएगा. इस वाकया के बाद दोनों बच्चों की हिम्मत की खूब चर्चा हो रही है।



## नौना और पयां गांव में पानी न आने से लोग परेशान

चमोली। आदिबदरी तहसील के नौना व पयां गांवों में पिछले एक सप्ताह से पानी न आने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने जल्द पेयजल उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। नौना गांव जगदीश नौनी, रामप्रसाद खंडूड़ी, अयोध्या नौनी, मनोज नौनी, भगवती खंडूड़ी, कैलाश खंडूड़ी व हरीश नौनी ने बताया कि नौना व पयां गांव को पानी उपलब्ध कराने के लिए करीब 45 साल पहले पेयजल योजना बनी थी, लेकिन रखरखाव न होने के कारण यह लाइन बदहाल बनी है। जिससे दोनों गांवों में पानी नहीं आ रहा है। लोग पानी के लिए आटागाड़ गदेरे जा रहे हैं। गदेरे में भी दूषित पानी आने से उसे कपड़े से छानकर पी रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द दोनों गांवों में पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग उठाई है। कहा कि अगर पानी नहीं आया तो आंदोलन किया जाएगा।

## सबसे ऊंचाई पर स्थित पोलिंग बूथ द्रोणागिरी पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी को पार करनी होगी 10 किमी की खड़ी चढ़ाई

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए 210 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इस बार कुछ बूथ ऐसे है, जहां पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टियों को पैदल ट्रैक करना पडेगा। ऐसा ही एक गांव है द्रोणागिरि, जो समुद्र तल से करीब 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है और सबसे ऊंचाई पर स्थित पोलिंग बूथ भी है। द्रोणागिरि बूथ तक पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी को गोपेश्वर मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर वाहन से सफर करने के बाद जुम्मा पहुंचना होगा। यहां से 10 किलोमीटर की खडी चढ़ाई पार करते हुए पोलिंग के लिए द्रोणागिरि गांव पहुंचना होगा। द्रोणागिरि भोटिया जनजाति का गांव है। समुद्र तल से करीब 12 हजार फीट की ऊंचाई पर बसे इस गांव में करीब 115 परिवार रहते हैं। सर्दियों में द्रोणागिरि गांव में इतनी बर्फबारी होती है कि यहां रुकना काफी मुश्किल भरा होता है। ऐसे में यहां के लोग अक्टूबर के दूसरे-तीसरे हफ्ते तक चमोली शहर के आस-पास बसे अपने अन्य माइग्रेटड स्थानों पर आ जाते हैं। इसके बाद मई में जब बर्फ पिघल जाती है, तब एक बार फिर से द्रोणागिरि गांव आबाद होता है। तब गांव के लोग यहां वापस लौट आते हैं। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद पहली बार सीमांत नीती-माणा घाटी के 3838 माइग्रेट मतदाता अपने मूल गांव में ही मतदान करेंगे। इसी के मध्येनजर प्रशासन ने नीती-माणा घाटी में नौ पोलिंग बूथ बनाए है। जिसमें द्रोणागिर, मलारी, कैलाशपुर, गमशाली, जेलम, कोषा, जुम्मा, नीती और माणा शामिल है।

## डीएम खुराना की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें गंगा नदी की सभी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने नमामि गंगे द्वारा जोशीमठ और कर्णप्रयाग में नवनिर्मित चारों एसटीपी का संयुक्त निरीक्षण करते हुए तत्काल जल संस्थान को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। साथ ही औद्योगिक संस्थान कालेश्वर में एसटीपी संचालन न किए जाने पर एसडीएम को नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। पर्यटन एवं यात्रा व्यवसाय से जुड़े होटल जिसमें 20 से अधिक कक्ष है, उनमें एसटीपी प्लांट लगाने और एसटीपी से संयोजन करने हेतु एसडीएम एवं संबंधित नगर पालिका को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी एसटीपी का नियमित रूप से तकनीकी निरीक्षण किया जाए। एसटीपी में सीवेज ट्रीटमेंट के बाद बचे कीचड़ (स्लज) का इस्तेमाल खाद बनाने में किया जाए और वन विभाग, एनजीओ या किसी संस्था के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाए। पोखरी बैंड के पास नाले के ट्रीटमेंट में देरी करने पर सिंचाई विभाग अधिशासी अभियंता को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी।

## डीएम ने ली स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन अथॉरिटी की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। प्राकृतिक जल स्रोत नौले-धारे और नदियों के जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को स्प्रिंग एवं रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण और कैच द रैन कार्यो की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर लक्ष्य निर्धारित करते हुए एकीकृत योजना के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य करना सुनिश्चित करें। ऐसे क्षेत्र जहां पर पानी के स्रोत सूख रहे है या पानी की कमी रहती है, वहां विशेष फोकस कर एकीकृत प्रोजेक्ट तैयार किया जाए। मनरेगा से कन्वर्जेंस करते हुए गाड-गदेरों में चैक डैम बनाए जाए। कृषि, उद्यान, सिंचाई, मत्स्य एवं अन्य विभाग और जल सर्वधन कार्यो से जुड़े स्वयं सेवी संस्थाओं और स्थानीय लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए और सबके सुझाव और सहयोग लेकर जल स्रोत एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं के अनुरूप जल संरक्षण कार्यो का क्रियान्वयन किया जाए। ताकि प्राकृतिक जल स्रोत नोले-धारे और नदियों का चिरस्थाई प्रवाह बना रहे। वर्षा जल संरक्षण के लिए भी विभागीय स्तर पर लक्ष्य निर्धारण करते हुए सघन वृक्षारोपण, खंती, चाल-खाल, चेकडैम एवं अन्य जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया जाए।

परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि स्प्रिंगशेड एंड रिवर रिजुवनेशन अथॉरिटी (सारा) के अंतर्गत जिला स्तर पर प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए, जल संस्थान को नोडल विभाग बनाया गया है। जल संस्थान द्वारा इसकी कार्ययोजना तैयार की गई है। जल संस्थान, जल निगम, सिंचाई, वन एवं अन्य विभागों के सहयोग से प्रत्येक विकासखंड में 10-10 प्राकृतिक जल स्रोतों के संवर्धन के कार्य किए जा रहे है। कैच द रैन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में इस वर्ष 10.68 लाख प्लांटेशन, 1.43 लाख ट्रेंच निर्माण, 1351 चाल-खाल, 4752 चेकडैम एवं 936 अन्य जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्राम स्तर पर मनरेगा के अंतर्गत 76 जल स्रोत और पंचायती राज विभाग से 45 जल स्रोतों का उपचार किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर मनरेगा से 45, पंचायती राज से 45 तथा वन विभाग से 33 जल स्रोतों का संवर्धन का लक्ष्य है। वही जनपद स्तर पर मनरेगा से 10, लघु सिंचाई से 20, सिंचाई से 10 तथा उद्यान से 25 जल स्रोतों के संवर्धन हेतु कार्य किया जा रहा है।

# परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे नकलची आयोग ने जारी की नई नियमावली


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 जून : उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरणों में शामिल अभ्यर्थियों के लिए नई नियमावली तैयार की है और मंजूरी के लिए इसे शासन को भेज दिया गया है। इसके तहत आयोग एक से पांच साल के लिए उन्हें सीधे तौर पर डिबार करेगा।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रदेश की आठ भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों में 249 अभ्यर्थियों को पांच साल के लिए परीक्षाओं से डिबार किया था। इनमें से लगभग 65 अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट से स्टे लेकर आए थे। आयोग ने पुलिस की जांच के आधार पर डिबार की कार्रवाई की थी, लेकिन पुलिस ने अधिकांश अभ्यर्थियों को सरकारी गवाह बना लिया। इस कारण ये अभ्यर्थी फिलहाल परीक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। हालांकि कानूनी दांव-पेचों के बावजूद भविष्य में ये अभ्यर्थी डिबार होने से बच नहीं पाएंगे। उसके लिए आयोग ने नई नियमावली बनाई है।

यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष जी एस मर्तोलिया ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने एक नियमावली तैयार करके शासन को भेजी है, जिसके तहत पांच श्रेणियों में अभ्यर्थियों को दंडित किया जाएगा। इसमें ओएमआर शीट की अदला-बदली करने, परीक्षा कक्ष में मोबाइल या कैलकुलेटर का इस्तेमाल, किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा में शामिल होने, ओएमआर की डुप्लीकेट कॉपी भी अपने साथ ले जाने और अन्य किसी तरह से नकल करने की श्रेणी शामिल है और आयोग ने श्रेणीवार एक से पांच साल तक डिबार करने का नियम बनाया है।

उन्होंने बताया कि शासन से मंजूरी मिलने के बाद आयोग की आने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं में इसे लागू कर दिया जाएगा और इसके लागू होने के बाद आयोग बेहद बारीकी से अभ्यर्थियों को डिबार करेगा। नई नियमावली में आयोग के स्तर से कार्रवाई होगी और यह नकल रोधी कानून से अलग है वह पुलिस के स्तर की कार्रवाई होने पर लागू होता है उसका इस से कोई टकराव नहीं होगा। साथ ही यदि मामला गंभीर होता है तो आयोग इसमें एफआईआर भी कराएगा।



# रामनगर : गर्मी के कारण जमीन पर सो रहा था परिवार 2 मासूमों की जहरीले सांप के काटने से मौत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



रामनगर 29 जून : जमीन में सो रहे माता-पिता सहित तीन भाई बहनों में से दो मासूमों को जहरीले सांप ने डस लिया, जब वो रोने लगे तो सामने सांप दिखाई दिया और फिर उन्हें अस्पताल ले गए जहाँ उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार राहुल मूल रूप से मध्य प्रदेश का निवासी यहाँ परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता है। बीते दिन वो अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ जमीन पर सो रहे थे तभी अचानक रात को 12 बजे उनकी बेटी नित्या उम्र 4 वर्ष और बेटा देव उम्र 6 वर्ष रोने लगे, जब उन्होंने उठकर देखा तो वहां पर सांप बैठा हुआ था और सांप ने दोनों बच्चों के हाथ पर काटा हुआ था। जिसके बाद परिजन सांप को एक डिब्बे में कैद करके दोनों बच्चों को लेकर रामनगर सीएचसी पहुंचे और फिर यहाँ से चिकित्सकों ने बच्चों की हालत गंभीर बताते हुए उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया।

इलाज के दौरान उनकी बेटी नित्या की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटे देव की मौत अगली सुबह हुई। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। इस मामले में पिता राहुल ने बताया कि हमारे पास बेड तो है लेकिन वह छोटा है इसमें सब लोग सो नहीं पाते जिस कारण उन्होंने बेड को खोलकर रख दिया है और फिर गर्मी के चलते सभी जमीन पर ही सोते हैं। बताया जा रहा है कि सांप करैत प्रजाति का है जिसकी गिनती जहरीले साँपों में की जाती है। बरसात का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे में सांप निकलना शुरू कर देते हैं। लोगों को इस मौसम में सावधानी बरतने की ज़रूरत है और जमीन पर सोने से बचें।

## ठेका कर्मचारियों को लूट रहे जल संस्थान के ठेकेदार

देहरादून। जल संस्थान के ठेका कर्मचारियों ने समय पर वेतन न मिलने और अधूरा वेतन मिलने का आरोप लगाते हुए मुख्यालय में विरोध जताया। शुक्रवार को जल भवन नेहरू कालोनी में सीजीएम नीलिमा गर्ग के समक्ष विरोध जताया। श्रम मानकों के अनुरूप पूरा वेतन देने की मांग की। उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने जल संस्थान में ठेका सिस्टम को सवाल उठाए। अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में ठेका कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता। छह छह महीने के इंतजार में वेतन का भुगतान होता है। वो भी पूरा भुगतान नहीं किया जाता। छह महीने में कभी दो महीने तो कभी तीन महीने का भुगतान किया जाता है। उसमें भी जो वेतन जल संस्थान की ओर से तय किया गया है, वो भी पूरा नहीं दिया जाता। श्रम मानकों के अनुसार वेतन देने को लेकर लंबे समय से दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महामंत्री मंगलेश लखेड़ा ने कहा कि ईएसआई, ईपीएफ कटौती में भी गड़बड़ी कर लाभ नहीं दिया जा रहा है। अल्प वेतन के बावजूद एक एक आदमी से चार चार आदमी के बराबर काम लिया जाता है। कहा कि ठेकेदारों के उत्पीड़न से ठेका कर्मचारी परेशान हैं। जबकि धरातल पर यही ठेका कर्मचारी पूरे पेयजल सिस्टम को संभाले हुए हैं। जल्द पूरा लाभ न मिलने पर आंदोलन किया जाएगा। सीजीएम नीलिमा गर्ग ने आश्वासन दिया कि ठेकेदारों पर नकेल कसी जाएगी। कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान हो, ये सुनिश्चित कराया जाएगा। विरोध जताने वालों में आशीष दिवेदी, गणेश गोस्वामी, देवकिशोर कंडवाल, गोविंद आर्य, सूर्यप्रकाश रानाकोटी मौजूद रहे।

## अंकिता ध्यानी ने नेशनल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

देहरादून। पंचकूला में चल रही 63वीं नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तराखंड की बेटी एथलीट अंकिता ध्यानी ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने 5000 मीटर दौड़ में यह कीर्तिमान बनाया। उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि अंकिता ने 16 मिनट 10.31 सेकेंड में अपनी रेस पूरी की। हिमाचल प्रदेश की सीमा और महाराष्ट्र की संजीवनी क्रमशः दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। मूल रूप से पौड़ी जिले की तहसील लैंसडौंन के गांव मेरूड़ा निवासी अंकिता कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने तेहरान में हुई एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। उनके नाम विभिन्न प्रतियोगिताओं में एक दर्जन से अधिक स्वर्ण, करीब आधा दर्जन रजत और तीन कांस्य पदक है।

## बीएससी फाइनल वर्ष के परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग

देहरादून। एसजीआरआर पीजी कालेज के छात्रों ने बीएससी फाइनल वर्ष का परीक्षा परिणाम जल्द जारी करने की मांग को लेकर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विवि के लोकपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है। छात्रों ने बताया कि उनकी परीक्षा छह जून को सम्पन्न हुई थी। लेकिन अभी तक प्रेक्टीकल नहीं हो पाए हैं। 21 जून से 20 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश है। छात्रों ने आगे की पढ़ाई के लिए अन्य कोर्स में दाखिला लिया है। जहां बीएससी फाइनल की मार्कशीट जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। प्रेक्टीकल न होने से परिणाम भी अटका हुआ है। मार्कशीट जमा न करने पर उनका प्रवेश निरस्त हो सकता है।

## जिला खेल विभाग ने एसबीपीएस फेंसिंग अकादमी को प्रशिक्षण के लिए चुना

देहरादून। सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल(एसबीपीएस)फेंसिंग अकादमी दून में तलवारबाजों की नर्सरी बन गयी है। जिला खेल विभाग ने फेंसिंग के प्रशिक्षण के लिए एसबीपीएस फेंसिंग अकादमी के कोच प्रदीप कोठारी को प्रशिक्षक के तौर पर चुना है। इसके अलावा दून के नवोदित तलवारबाज एसबीपीएस फेंसिंग अकादमी में ही तलवारबाज फेंसिंग के गुर सीखेंगे। एसबीपीएस फेंसिंग अकादमी के तीन खिलाड़ी भानुप्रताप गरिया, वंश राठौर और अक्षत पुंडीर ने बलूनी ग्रुप के प्रबंध निदेशक विपिन बलूनी के नेतृत्व में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष प्रमुख सचिव आईजी अमित सिन्हा से मुलाकात की।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्वाचन व्यय लेखे के सम्बन्ध में जिला व्यय अनुवीक्षण समिति की एक बैठक आज

देहरादून। रिटर्निंग अधिकारी 01 टिहरी गढवाल संसदीय क्षेत्र/जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सोनिका ने अवगत कराया कि मा० व्यय प्रेक्षक द्वारा 29 जून 2024 (शनिवार) को पूर्वान्हहन 11.00 बजे ऋषिपर्णा सभागार, जिला कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखे के सम्बन्ध में जिला व्यय अनुवीक्षण समिति की एक बैठक आहूत की गयी है। 01-टिहरी गढवाल संसदीय क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थी स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता 29 जून 2024 (शनिवार) को पूर्वान्हहन 11.00 बजे ऋषिपर्णा सभागार, जिला कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखे के सम्बन्ध में जिला व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक में प्रतिभाग किया जाना है।

### डीएम अध्यक्षता में हुई जिला सैनिक परिषद त्रैमासिक बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जिला सैनिक परिषद त्रैमासिक बैठक ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने समिति के समस्त सदस्यों तथा ब्लॉक स्तर पर प्राप्त शिकायतों का समिति के संज्ञान में लाएं तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को सम्बन्धित विभागों से समन्वय करते हुए सैनिकों/सैनिक आश्रितों की शिकायतों का निस्तारण करें। उन्होंने समिति के सदस्यों से सुझाव भी मांगे। जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से सैनिकों से सम्बन्धित विभिन्न शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति जानी, जिस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि समिति को प्राप्त अधिकतर शिकायतों का सत्यापन करते हुए निस्तारण की वस्तुस्थिति से सम्बन्धित को अवगत कराया लिया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी देहरादून ले0कर्नल (अप्रा) वीरेन्द्र प्रसाद भट्ट, मेजर (से.नि) एम.एस नेगी, पीबीआरओ के अध्यक्ष एस.एस बिष्ट, अपर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सेवा योजन अधिकारी अजय सिंह, आईटीबीपी के पीआरओ राजीव नेगी, समाज कल्याण आदि सम्बन्धित विभागें के अधिकारियों सहित सैनिक कल्याण विभाग के ब्लॉक स्तर पर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नीट में धांधली पर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

देहरादून। एनएसयूआई ने शुक्रवार को नीट में धांधली को लेकर गांधी पार्क में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी में यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले नीट यूजी का पेपर लीक होता है और उसके बाद यूजीसी नीट के पेपर में धांधली होती है। यह दोनों परीक्षाएं इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह दोनों परीक्षाएं युवाओं के भविष्य से जुड़ी हैं। एक परीक्षा से देश को प्रोफेसर और दूसरी से डॉक्टर मिलते हैं। उन्होंने परीक्षा में धांधली करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जसविंदर सिंह गोगी, नवीन जोशी, पुरान सिंह रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह तोमर, अभय कैतुरा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरुण टम्टा, हरीश जोशी, मुकेश बसेरा, परांचल नौनी, सिमरन, नीलाक्षी, बसंत, विशाल रावत आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता और पौधरोपण अभियान चलाया

देहरादून। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े में शुक्रवार को स्वच्छता और पौधरोपण अभियान चलाया गया। कार्यालय प्रमुख अजित कुमार एन, उप-महानिदेशक शुभम त्रिपाठी, सहायक निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष संजय रतूड़ी, श्वेता शर्मा, गौरव दूबे, नवीन कुमार, केंद्रीय विद्यालय प्रधानाचार्य संजय कुमार, उप-प्रधानाचार्य पायल लाल, कला अध्यापक कहकशां ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई। इस दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्वी प्रथम, हम्दा द्वितीय, देवाजीत व आफरीन तृतीय स्थान पर रहें। मौके पर लव कुमार, संजय कुमार, किशोर, विक्रांत विरमानी. राहुल वर्मा, गरिमा सचान आदि मौजूद थे।

### शिवालिक नगर और बहादराबाद में कल गुल रहेगी बिजली सप्लाई

हरिद्वार। रविवार को बहादराबाद और शिवालिक नगर के कई हिस्सों में बिजली कटौती होगी। 33 केवी शिवालिक नगर के अंतर्गत नवनिर्मित कंट्रोल रूम में स्थापित पैनलों को ऊर्जाकृत करने काम प्रस्तावित है। इसके अलावा पीएसी और इंद्रलोक की बिजली लाइनों की भी मरम्मत की जाएगी। इधर ऊर्जा निगम ने लोगों से वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की अपील की है। ऊर्जा निगम के मुताबिक रविवार को 33 केवी शिवालिक नगर में सुबह 10 बजे से लेकर शाम को छह बजे तक कटौती होगी। इसमें रामधाम कॉलोनी, रोशनपुर, इंडस्ट्रियल एरिया, बहादराबाद, ब्रह्मपुरी का इलाका प्रभावित होगा। इसके अलावा 33 केवी पीएसी में 10 बजे से दोपहर दो बजे तक कटौती होगी।

# उत्तराखंड : नैनीताल को पछाड़ सैलानियों की पहली पसंद बन गया कैंची धाम

न्यूज वायरस नेटवर्क



नैनीताल 29 जून : सरोवर नगरी नैनीताल की आभा पर यहां लगने वाला जाम और पार्किंग की समस्या बट्टा लगा रही है। ऐसी स्थिति में पर्यटकों की आवक जहां नैनीताल में घटी है वहां कैंची धाम में बढ़ी है। इसकी बड़ी वजह बाबा के प्रति श्रद्धा और विश्वास भी है। मंदिर समिति के माने तो यहां हर साल आने वाले भक्तों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इसी साल करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालु यहां आए। बाबा बाबा की कृपा से होटल, होम स्टे संचालकों के कारोबार में हुआ इजाफा हुआ।बाबा नीब करौरी महाराज की प्रति सैलानियों में बढ़ी आस्था का ही बढ़ा यह परिणाम है की आज कैंची धाम सैलानियों की पहली पसंद बन गया है। सैलानियों की बढ़ी हुई आवाजाही की वजह से भीमताल, भवाली और कैंची में स्थित 300 से अधिक होटल और होम स्टे संचालकों की बल्ले-बल्ले है।

होटल कारोबारियों की मानें तो सीजन पर ही नहीं अब तो यहां 12 महीने पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है। एक अनुमान के मुताबिक इन होटलों और होम स्टे में में कुल कुल 1000 से लेकर 1200 रूम होंगे। एक रूम का भी किराया यहां 2000 से लेकर 6000 तक है। औसत किराया अगर 3000 मान लें तो हजार कमरों का प्रतिदिन के हिसाब से 30 लाख किराया बैठा। 365 दिनों के हिसाब से अगर 150 दिन भी कमरे बुक रहते हैं तो (300000×150-45000000) करीब 45 करोड़ का कारोबार सालाना हो रहा है।

## 29 जून को दिव्यांगजन व 85 प्लस के वरिष्ठजन करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

चमोली। विधानसभा उप चुनाव में सभी की मतदान सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने 85 प्लस के वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों को होम वोटिंग की सुविधा दी है। बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में 27 दिव्यांगजनों व 114 85 प्लस के वरिष्ठ जनों ने होम वोटिंग के आवेदन किया है। शुक्रवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में होम वोटिंग के बनायी गयी 25 टीमों के लिए रिजर्व सहित 30 मतदान अधिकारियों, 30 सेक्टर मजिस्ट्रेटों व 30 माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने होम वोटिंग कराने हेतु तैनात सभी टीमों को उनके कार्य एवं दायित्वों से अवगत कराया और होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया व विविध प्रपत्रों के संधारण करने एवं पैकेटिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गयी। साथ ही मतदान की गोपनीयता विशेष ध्यान रखने को कहा।

इस दौरान, सहायक नोडल ट्रैनिंग आनन्द सिंह, अभिनव नौटियाल, एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, खीम सिंह कंडारी, के.सी पंत मौजूद रहे।

## डीएम चौहान ने वर्चुअल माध्यम से स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेशेन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक ली

पौड़ी।शुक्रवार को जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेशेन प्राधिकरण (सारा) की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संबंधित अफसरों को सूख चुके जलस्रोतों और सूखने वाले जलस्रोतों नदियों एवं जलधाराओं की रिपोर्ट जल्द देने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है उनकी जियो टैग सहित फोटोग्राफ जल्द प्रस्तुत की जाएं और जहां कार्य शुरू नहीं हुआ है वहां जल्द कार्य शुरू किया जाए। डीएम ने जिला पंचायत, जलागम, नगर निकाय, सहित सभी खंड विकास अधिकारियों को एक सप्ताह में जल स्रोतों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि वर्षाजल को संरक्षित कर नदियों एवं जल स्रोतों के जुनर्जीवन के लिए आमजन में जन जागरूकता सहित सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में वन विभाग, जलागम,, जल संस्थान, जल निगम के अफसर मौजूद रहे।

## पौड़ी में डंपर की चपेट में आने से युवती की मौत

पौड़ी।पौड़ी- कोटद्वार नेशनल हाईव पर शुक्रवार को सुबह डंपर की चपेट में आ जाने से एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने डंपर और बाइक दोनों को कब्जे में ले लिया है। हादसे का शिकार हुई युवती बाइक में पीछे बैठी थी और उसने बाइक सवार से लिफ्ट ली थी। मामले में युवती के भाई ने पुलिस को तहरीर देते आरोप लगाया कि डंपर चालक के लापरवाही से वाहन चलाने की वजह से यह हादसा हुआ है। पौड़ी-कोटद्वार नेशनल हाईवे पर छत्तरीधार के पास शुक्रवार को यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कोतवाली पौड़ी के प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि बाइक सवार के ब्रेक लेते ही पीछे बैठी 20 वर्षीय पार्वती पुत्री यशवंत सिंह निवासी गाड़ का मरगांव परसुंडाखाल अनियंत्रित होकर डंपर के पिछले टायर की चपेट में आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को 108 सेवा की मदद से जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। बताया कि युवती अपने घर से कंप्यूटर करने के लिए पौड़ी आ रही थी और शुक्रवार को बाइक सवार से उसने पौड़ी आने के लिए लिफ्ट ली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं, इस मामले में युवती के भाई आशीष रावत ने पुलिस को तहरीर दी है जिसमें डंपर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। हादसे के बाद युवती के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। फिलहाल डंपर पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## एनएसयूआई ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर एनटीए को बैन करने की मांग की

पौड़ी। पौड़ी में एनएसयूआई ने शुक्रवार को लगातार हो रही परीक्षाओं में धांधलियों के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। डीएम कार्यालय के पास एनएसयूआई ने एनटीए और एनटीए के पेपर में धांधली का आरोप लगाते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अंकित सुंद्रियाल ने कहा कि लगातार परीक्षाओं में हो रही धांधली छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। परीक्षाओं में धांधली से छात्र-छात्राएं गलत कदम भी उठा रहे हैं। कहा परीक्षाओं में कड़ी मेहनत करने वाले छात्र-छात्राओं के सपनों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने एनटीए को बैन करने की मांग उठाई। इस मौके पर अमन नेगी, अंकित नौटियाल, विद्या सेमवाल, मनीष, हिमानी, सूरज आदि मौजूद रहे।

## पॉलीथिन के प्रयोग को रोकने को साध्वी ने दिया धरना

हरिद्वार। नगर निगम परिसर में पॉलीथिन के प्रयोग को रोकने एवं गंगा को प्रदूषित होने से बचाने की मांग को लेकर दिल्ली से आई साध्वी गीताजंली एवं बुजुर्ग सुभाष चंद अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। साध्वी ने कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग प्रतिबंधित होने के बाद भी नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की लापरवाही के कारण पॉलीथिन का प्रयोग बंद नहीं हो रहा है। साध्वी का कहना है कि जब तक नगर निगम को कोई अधिकारी उनको पॉलीथिन के प्रयोग को पूरी तरह बंद करवाने की कार्रवाई करने का आश्वसन नहीं देता, धरना जारी रहेगा। साध्वी के साथ धरने पर बैठे बुजुर्ग सुभाष चंद ने बताया कि वह लम्बे समय से हरकी पैड़ी गंगा घाट पर प्लास्टिक की प्रतिबंधित सीट की बिक्री के खिलाफ मुहिम चलाता रहा। सुभाष चंद ने बताया वह निशुल्क घाट पर बैठने के लिए चटाई श्रद्धालुओं को देता था, लेकिन मुझे भी घाट से हटवा दिया गया, जबकि प्रतिबंधित प्लास्टिक की सीट घाटों पर जमकर बिक रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी युवक की जमानत अर्जी खारिज

हरिद्वार। एफटीएससी/अपर जिला जज चंद्रमणि राय ने नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी युवक की द्वितीय जमानत अर्जी खारिज कर दी है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 21 जून 2022 में कनखल क्षेत्र से एक 15 वर्षीय लड़की लापता हो गई थी। काफी तलाश करने के बावजूद लापता लड़की कहीं नहीं मिली। तब पीड़िता के पिता ने स्थानीय पुलिस में अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का केस दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि आरोपी अर्जुन कश्यप उसकी लड़की को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगाकर ले गया है। यही नहीं, आरोपी युवक पर पीड़िता के साथ जबरदस्ती कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया है। करीब छह महीने के बाद स्थानीय पुलिस ने लापता लड़की को आरोपी युवक के कब्जे से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया था। जहां पीड़ित लड़की ने अपने परिजनों व पुलिस को सारी आपबीती बताई थी। पुलिस ने आरोपी अर्जुन कश्यप पुत्र सुरेंद्र निवासी निकट हनुमान मंदिर छपार, थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर यूपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# संक्षिप्त खबरें

## नगर निगम देहरादून द्वारा नालों एवं नालियों की सफाई निरंतर गतिमान

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा आगामी मानसून काल के दृष्टिगत नगर निगम, नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को नालों, नालियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम देहरादून द्वारा नालों एवं नालियों की सफाई निरंतर गतिमान है। आजगोविन्दगढ़ से दुर्गा डेयरी, ,चंद्रमणि शमशानघाट का नाला,रक्षा विहार से चुना भटटा,अहीर मंडी (डोभालवाला), बल्लीवाला से अनुराग चौक, चुक्खुमोहल्ले से कालिका मंदिर, देहरा खास 52 ब्लॉक नाला (पटेल नगर),बकरालवाला, भंडारी बाग से इंद्रेश हॉस्पिटल पुल आदि स्थानों पर उपकरण एवं पर्यावरण मित्रों के माध्यम से नालों एवं परिसरों की सफाई कार्य गतिमान है।

## विनसर वनाग्नि दुर्घटना में शहीद वनकर्मियों के परिजनों को मदद की मांग

देहरादून। उत्तराखंड वन बीट अधिकारी/वन आरक्षी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने प्रमुख वन संरक्षक(हॉफ) डॉ.धनंजय मोहन से मुलाकात कर विनसर में वनाग्नि दुर्घटना में शहीद हुए वन कर्मचारियों के परिजनों को मदद देने की मांग की है। वन वीट अधिकारी संघ हर्षवर्द्धन गडिया ने बताया कि संघ की अन्य मांग वन दरोगा के पद पर शत प्रतिशत पदोन्नति के लिए नियमावली संशोधन का प्रस्ताव शासन को भेजने, आहार भत्ता, आवास भत्ता, एक माह का अतिरिक्त वेतन, दस वर्ष पूर्ण कर चुके वन आरक्षियों को एसीपी का लाभ देने के लिए अपने स्तर पर कार्यवाही का निवेदन किया गया। प्रमुख वन संरक्षक ने सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। मौके पर महामंत्री काक्का कश्यप, वरिष्ठ संयुक्त मंत्री अतुल भगत, अनुज काम्बोज, नंदा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका :कुसुम कंडवाल

देहरादून। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय पूर्णकालिक शिविर के समापन मुख्य अतिथि महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है, यदि युवा कमजोर होगा तो राष्ट्र कमजोर होगा। आयोग अध्यक्ष ने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि, सोशियल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में परिवारों को केंद्र बिन्दु बनाकर समस्या का निराकरण कर परिवार को सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए। मुख्य वक्ता यूसीएफ की एमडी रमेंद्री मंद्रवाल ने कहा कि परमात्मा ने हमें अमूल्य जीवन दिया है। इसे सार्थक बनाते हुए हमें हर जीवात्मा की सेवा करनी चाहिए। मुक्त विवि के प्रभारी निदेशक व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुभाष रमोला एनएसएस के स्वयं सेवियों के सेवा भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य ही छात्रों में समाज सेवा की भावना को जागृत करना है। शिविर समापन समारोह में प्रतिभागी स्वयं सेवी आमिर सिद्दिकी, करिश्मा रावत ने शिविर के अनुभव सुनाए। प्रतिभागी स्वयं सेवियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना डोभाल, नरेंद्र जगुडी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक अनिल कन्डारी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक गोविन्द सिंह रावत, बृजमोहन खाती, अरविन्द कोटियाल, अजय कुमार सिंह, सीबी पोखरियाल, सुनील नेगी, चेत बहादुर थापा उपस्थित रहे।

## एलआईसी के कर्मचारियों ने एथलेटिक्स में दिखाया दम

देहरादून। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में शुक्रवार को एलआईसी की उत्तर-मध्य क्षेत्रीय एथलेटिक्स और वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में एलआईसी के विभिन्न प्रदेशों के मंडलों की टीमें हिस्सा लेने पहुंची हैं। सुबह सर्वप्रथम उत्तर मध्य क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपने-अपने मंडलों का प्रतिनिधित्व करते हुए मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल प्रबंधक आलोक गुप्ता ने सलामी ली। उन्होंने कहा कि एलआईसी अपने राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकारों के निर्वहन के क्रम में खेलों को भी निरंतर प्रोत्साहित कर रहा है। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एलआईसी में सेवारत हैं। संस्था खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर प्रदान करती है, ताकि उनके द्वारा अपनी खेल प्रतिभा को निखारा जा सके। प्रादेशिक प्रबंधक (मानव संसाधन) नवीन कुमार ने विभिन्न मंडलों से आए खिलाड़ियों का स्वागत किया। पहले दिन 5000 मीटर, 1500 मीटर, 800 मीटर, 200 मीटर दौड़, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रोकल जैसी 15 प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर प्रबंधक (कार्मिक) भूपेश अग्रवाल, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य हरीश तिवारी, अभिषेक पांडेय, संजीव कुमार सिंह, बृजमोहन देवली, हरीश चंद्र जोशी, भावना डोभाल, सरोजिनी ढौंडियाल, नितिन सारस्वत, जगदीश राम, संजय उनियाल, नीरज शर्मा आदि मौजूद थे।

## टीबी और एड्स से बचाव की जानकारी दी गई

देहरादून। विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिला सामुदायिक संसाधन एवं जिला टीबी फोरम समिति की बैठक हुई। इसमें टीबी और एड्स से बचाव के लिए जागरूकता पर जोर दिया गया। बैठक का आयोजन सीडीओ झरना कमठान की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा ने एचआईवी और टीबी से बचाव के लिए जागरूकता को जरूरी बताया। इस मौके पर डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ जेपी नौटियाल, संजय बिष्ट, हेमंत खर्कवाल, हेमलता बहन, किरन थापा, किरन असवाल, गणेश भारद्वाज, अंकुर नेगी, शेखर सैनी आदि मौजूद रहे।

## अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया

देहरादून। नागरिक सुरक्षा देहरादून की ओर से शुक्रवार को विवेकानंद नेत्रालय राजपुर रोड में एक दिवसीय अग्निशमन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन आम जन मानस में नागरिक सुरक्षा संगठन की छवि को बेहतर बनाने और उनको अग्निशमन का प्रशिक्षण देने के लिए किया गया। इस मौके पर नागरिक संरक्षा के डिप्टी कंट्रोलर श्यामेंद्र कुमार साहू, सुरेश कुमार रवि, लोकेश गर्ग, आनंद गुसाईं, विनोद साहू, नरेंद्र पंवार, पंकज जोशी, नासिर खान, राजेंद्र प्रसाद, पृथ्वीराज क्षेत्री, राधेश्याम, विजयपाल बंगारी, प्रमोद कुमार राणा, अजय थापा आदि मौजूद रहे।

## कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

देहरादून। कांग्रेस ने उत्तराखंड में हत्या, डकैती, महिला अपराधों के लेकर शुक्रवार को देहरादून में प्रदर्शन किया। पार्टी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाने में विफल रही है।कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में एश्ले हॉल चौक पर पहुंचे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# T20 World Cup 2024 : भारत के फाइनल में पहुंचते ही शोएब अख्तर ने की भविष्यवाणी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 29 जून : T20 World cup Final भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार खेल दिखाया और इंग्लैंड को 68 रनों से हरा दिया. भारत की जीत में रोहित शर्मा की कप्तानी और बल्लेबाजी शानदार रही. भारत ने मैच में 171 रन बनाए थे जिसके बाद इंग्लैंड की टीम भारतीय स्पिन गेंदबाजों के सामने घुटने टेकने में मजबूर हो गई. इंग्लैंड की पूरी टीम 103 रन पर आउट हो गई. बता दें कि इस जीत के साथ भारत का आज 29 जून को साउथ अफ्रीका के साथ फाइनल मुकाबला खेलेगी।

वहीं भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद शोएब अख्तर ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के विजेता के तौर पर भारत का नाम लिया है. अपने यू-ट्यूब चैनल पर अख्तर ने कहा है कि अब भारत को कोई नहीं रोक सकता है. पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज ने कहा, ₹भारत ने शानदार खेल दिखाया. भारत ने इंग्लैंड को पूरी तरह से रौंद दिया है. टीम के सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया. चाहे वो रोहित हों या फिर सूर्या हों. सभी ने शानदार खेल दिखाया। अख्तर ने सीधे तौर पर कहा कि, अब भारत को कोई नहीं रोक सकता है. अख्तर ने आगे कहा, भारतीय टीम को अब खिताब जीतना चाहिए, वो इसके हकदार हैं. मेरा पूरा समर्थन उनके साथ है।

अख्तर ने रोहित शर्मा की भी तारीफ की और कहा कि ₹रोहित ने क्या कमाल की कप्तानी की है. अब रोहित को विश्व कप का खिताब जीतना चाहिए, पिछले दफा वो चूक गए थे. लेकिन इस बार भारतीय टीम को खिताब जीतना चाहिए. मैं रोहित का बड़ा प्रशंसक हूं, रोहित ने बल्लेबाजी और कप्तानी से दिल जीत लिया है।

पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज ने साउथ अफ्रीकी टीम को लेकर भी बात की और कहा कि, मैं साउथ अफ्रीकी टीम को कहूंगा कि भारत के खिलाफ टॉस जीते तो बैटिंग करें, तभी आप भारत के खिलाफ कुछ हद तक मैच में रह सकते हैं. वरना सबको पता है कि परिणाम क्या होने वाला है। बता दें कि 29 जून को भारत और साउथ अफ्रीका के



बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है तो वहीं, भारत तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने में सफल रही है. अब फाइनल मुकाबला का फैन्स को बेसब्री से इंतजार है।

## इंटर्नशिप को 47 फॉरन मेडिकल ग्रेजुएट ने लिया प्रवेश

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान, अल्मोड़ा में उत्तराखण्ड मेडिकल कॉउसिल द्वारा अकादमिक सत्र 2024-25 हेतु फॉरन मेडिकल ग्रेजुएट छात्र-छात्राओं की संस्थान को आवंटित 60 सीटों में से 47 सीटों पर इन्टर्नशिप हेतु फॉरन मेडिकल ग्रेजुएट छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश लिया गया है।

प्रवेश प्रक्रिया के कुशल सम्पादन हेतु संस्थान द्वारा गठित समिति में से डॉ प्रित इन्दर सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर फॉरेन्सिक मेडिसिन विभाग एवं डॉ विक्रम सिंह धपोला असिस्टेन्ट प्रोफेसर फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया गया। प्रवेश की अन्तिम तिथि 29 जून 2024 है। इंटर्नशिप को उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, असम आदि राज्यों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश लिया गया है। इन छात्र-छात्राओं द्वारा एमबीबीएस की शिक्षा कजाकिस्तान, रसिया, यूक्रेन, चीन, बांग्लादेश आदि देशों से उत्तीर्ण कर एक साल के इंटर्नशिप हेतु संस्थान में प्रवेश लिया गया है। संस्थान में पूर्व से 24 छात्र-छात्राओं द्वारा फौरन मेडिकल ग्रेजुएट इंटर्नशिप की जा रही है।

## संपादकीय

# राष्ट्रपति का आर्थिक फोकस

राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत सरकार का ही दस्तावेजी वक्तव्य होता है। उसे सरकार लिखती है और राष्ट्रपति उसे पढ़ते हैं, क्योंकि सरकार राष्ट्रपति के नाम से ही संचालित की जाती है। यह गणतंत्र की एक खूबसूरत परंपरा है कि राष्ट्रपति संसद की साझा बैठक को संबोधित करते हैं। अभिभाषण के मायने स्पष्ट हैं कि केंद्र सरकार की नीतियों, योजनाओं, उसके कार्यक्रमों और विजन का यह सारांश खुलासा होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उसी गरिमामय परंपरा को निभाया है। उन्होंने मोदी सरकार की उन परियोजनाओं की प्रशंसा की, जिन्हें देश अक्सर सुनता रहा है, लेकिन विपक्ष पूरी तरह सहमत नहीं है। वह उन्हें लीपापोती मानता है अथवा झूठे आंकड़े करार देता है। मसलन-गरीबी से बाहर निकालने वाले लोगों का डाटा सवालिया है। देश की जनता उन परियोजनाओं से इसलिए भी वाकिफ है, क्योंकि वह ही लाभार्थी है, लेकिन इस बार राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस आर्थिक समृद्धि और सुधारों की निरंतरता पर अधिक रहा है। देश की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी के करीब है और भारत का औसत विकास विश्व में सर्वाधिक और सबसे ज्यादा गतिमान है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था होगा, सरकार का यह संकल्प है। यानी जापान और जर्मनी भी भारत से पीछे होंगे। राष्ट्रपति का उल्लेख कोई नया नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष अक्सर ऐसे दावे करता रहा है। आम चुनाव के दौरान ऐसे डाटा की भरमार रही, लेकिन मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के जरिए यह खुलासा कराया है, लिहाजा उसे विश्वसनीय मानना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के पूर्ण बजट का भी कुछ प्रारूप रखा है कि वह भारत की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों के अनुसार होगा। संसद के जुलाई सत्र में जो बजट पेश किया जाएगा, वह वाकई जनवादी होगा। उसमें दूरगामी नीतियों और भविष्य के विजन के साथ-साथ ऐतिहासिक कदम भी उठाए जाएंगे। बेशक राष्ट्रपति भी उन कदमों का खुलासा नहीं कर सकती थीं, क्योंकि बजट की गोपनीयता का तकाजा था। यह गौरतलब रहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के सौजन्य से यह सिद्धांत स्पष्ट कराया कि देश का विकास, उसके राज्यों के विकास पर ही, आश्रित है, क्योंकि तभी एक राष्ट्र के समग्र विकास का आकलन किया जा सकता है और एक राष्ट्रीय तस्वीर सामने आती है। इस विकास में प्रतिस्पद्र्धा भी होनी चाहिए और सहकारिता का भाव भी रहना चाहिए, यही भारत का सच्चा संघीयवाद है। राष्ट्रपति ने कुछ ऐसे क्षेत्रों का उल्लेख किया, जो 'सूर्योदय' की तरह माने जाते हैं। मसलन-विद्युत वाहन, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाईड्रोजन, बैटरी आदि। इन क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और प्रगति के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन का भी जिक्र किया, जो बराबर की चुनौती है और सरकार उस संदर्भ में लगातार सक्रिय है। यह भी वैश्विक चुनौती है, जो किसी महामारी से कम नहीं है। राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस महिला सशक्तिकरण पर रहा और उन्होंने देश के संपूर्ण बुनियादी ढांचे की सराहना की।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## 04 जुलाई तक प्रस्तुत करें निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के समाप्त होने के पश्चात निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यिर्थियों/निर्वाचन एजेंटों के लिए निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा विहित रीति के अनुसार पूर्ण कर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04 जुलाई, 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस हेतु लेखा समाधान बैठक नवीन कलेक्ट्रेट के सभागार में आगामी 01 जुलाई को अपराह्न 12:00 बजे आहूत की गई है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में समस्त लोक सभा प्रत्याशी नियत तिथि को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह जनवरी, 2024 में दिए गए प्रारूपों/व्यय रिपोर्ट, अभ्यर्थियों का निर्वाचन लेखा व्यय रजिस्टर मय समस्त बिल/वाउचरों के साथ समस्त सूचनाओं एवं प्रपत्रों को अद्यावधिक कर प्रतिभाग करेंगे। इस बैठक में व्यय प्रेक्षक द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दशा में 04 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय अंतिम लेखा विहित रीति के अनुसार पूर्ण कर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, अल्मोड़ा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा के आगमन को लेकर भाजपा ने की तैयारी बैठक

अल्मोड़ा। केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क व परिवहन अजय टम्टा का 29 जून को अल्मोड़ा आ रहे हैं। उनके आगमन पर क्वारब से अल्मोड़ा नगर तक भारतीय जनता पार्टी अल्मोड़ा ने एक भव्य कार व बाइक रैली का आयोजन कर रही है। छोलिया नृत्य के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत होगा। इस सम्बन्ध में सांसद कार्यालय में जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने तैयारियों को लेकर बैठक ली। जिला अध्यक्ष ने कहा महिला मोर्चा व प्रदेश, जिले, नगर मंडल, ग्रामीण मंडल तथा सभी मोर्चा के पदाधिकारी फूल मालाओं से स्वागत करेंगे।

मंत्री पद ग्रहण करने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद में उनका यह पहला कार्यक्रम है, इस मौके पर पार्टी के हजारों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पिलख्वाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद बिष्ट, राजीव गुरुरानी, महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, नगर महामंत्री मनोज जोशी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रानीधारा मार्ग सुधारीकरण की मांग को धरना सातवे दिन भी रहा जारी

अल्मोड़ा। रानीधारा लिंक रोड के पुर्ननिर्माण के लिए रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति का धरना सातवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति ने रानीधारा मार्ग निर्माण के साथ सीवर लाइन कार्य की एसआईटी जांच की माँग भी की है। विगत रात्रि हुई बारिश से रानीधारा में कई मकानों में मलबा घुस गया, जिस पर धरने में बैठे लोगों ने रोष जताया। धरने में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ये केवल रानीधारा की लड़ाई नहीं है, अब ये पूरे अल्मोड़ा की लड़ाई बन गयी है। जब तक सड़क निर्माण नहीं होगा तब आंदोलन-धरना जारी रहेगा। सातवे दिन के धरने में संयोजक विनय किरौला, कमला जोशी, डॉ सैयद अली हामिद, रघु तिवारी, कमला द्रमवाल, कलावती भाकुनी, निर्मला चिलवाल, पवन पंत, नीमा पंत, सुमित नज्जोन, रघुनाथ सिंह सहित स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

### एसएसजे विवि में आयोजित सात दिवसीय सामुदायिक कार्यशाला का समापन

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में आयोजित सात दिवसीय सामुदायिक कार्यशाला का समापन डीन व विभागाध्यक्ष प्रो भीमा मनराल ने किया। कार्यशाला के अंतिम दिन क्विज और ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। शुक्रवार को समापन अवसर पर शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो भीमा मनराल ने कहा कि हम जितनी तेज़ी से डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, ठीक उतनी ही तेज़ी से साइबर अपराध की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। जिस गति से तकनीक ने उन्नति की है, उसी गति से मनुष्य की इंटरनेट पर निर्भरता भी बढ़ी है। एक ही जगह पर बैठकर इंटरनेट के जरिये मनुष्य की पहुँच, विश्व के हर कोने तक आसान हुई है। आज के समय में हर वो चीज़ जिसके विषय में इंसान सोच सकता है, उस तक उसकी पहुँच इंटरनेट के माध्यम से हो सकती है, जैसे कि सोशल नेटवर्किंग, ऑनलाइन शॉपिंग, डेटा स्टोर करना, गेमिंग, ऑनलाइन स्टडी, ऑनलाइन जॉब इत्यादि। आज के समय में इंटरनेट का उपयोग लगभग हर क्षेत्र में किया जाता है। इंटरनेट के विकास और इसके संबंधित लाभों के साथ साइबर अपराधों की अवधारणा भी विकसित हुई है। वहीं, कार्यशाला में उपस्थित निरीक्षक राजीव कुमार आर्य एवं उप निरीक्षक संतोष तिवारी ने कहा कि भारत में साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में इनकी जड़ तक पहुँच पाना कठिन होता है। इस मौके पर साइबर टीम ने महिला अपराध, बाल अपराध, घरेलू हिंसा, फिशिंग, हैकिंग आदि के बारे में विस्तृत रूप से बीएड और एमएड प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा संकाय की डॉ रिजवाना सिद्दीकी ने किया। इस मौके पर डॉ नीलम, डॉ ममता कांडपाल, डॉ संदीप पांडे, डॉ देवेंद्र चम्याल, सरोज जोशी, अंकिता कश्यप, विनीता लाल, ललिता रावल, मनोज आर्या, मनोज कार्की व बीएड एमएड प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### दुकान में शराब पिला रहा दुकानदार गिरफ्तार

अल्मोड़ा। धौलछीना पुलिस ने अवैध शराब सहित दुकानदार को गिरफ्तार किया है। बृहस्पतिवार को धौलछीना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाड़ेछीना बाजार में प्रदीप चम्याल को अपनी दुकान में अवैध रुप से शराब पिलाते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से कुल डेढ़ बोतल देशी शराब बाजपुर मार्का बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना धौलछीना में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गई है। यहाँ धौलछीना पुलिस टीम से एएसआई गोकुल प्रसाद, हेड कांस्टेबल कुन्दन लाल, कांस्टेबल धनी राम शामिल रहे।

### 29 जुलाई को केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा अल्मोड़ा भ्रमण पर

अल्मोड़ा। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत सरकार, अजय टम्टा अल्मोड़ा जनपद के भ्रमण पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री 29 जून को प्रातः 08:00 बजे काठगोदाम से प्रस्थान कर 10:30 बजे क्वारब अल्मोड़ा पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनों के साथ भेंटवार्ता करेंगे। 12:30 बजे विकास भवन सभागार अल्मोड़ा में जिला योजना 2024-25 की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। 01:30 बजे विकास भवन से प्रस्थान कर 02:00 बजे सर्किट हाउस अल्मोड़ा पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनों के साथ बैठक करेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस अल्मोड़ा में करेंगे।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से सांसद इमरान मसूद ने की मुलाकात, इन मुद्दों पर हुई चर्चा

■ अम्बाला रोड पर फ्लाईओवर और दिल्ली देहरादून हाईवे पर चढ़ने के लिए पॉइंट बनाने की मांग की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सहारनपुर 29 जून : सांसद इमरान मसूद ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। सांसद ने सहारनपुर में अम्बाला रोड पीएनटी सेंटर से देहरादून रोड रिमाउंट डिपो गेट तक फ्लाईओवर बनाने की मांग के साथ ही दिल्ली देहरादून हाइवे पर ज़िले से कोई कनेक्टिविटी पॉइंट बनाने की मांग की है। गौरतलब हो कि इमरान मसूद का शहर भर को क्रॉस करके फ्लाईओवर बनवाने का मुख्य चुनावी मुद्दा रहा है। इमरान मसूद ने नितिन गडकरी को बताया कि इस फ्लाईओवर के बनने से शहर के अंदर भीड़ खत्म हो जाएगी और जनता को आसानी होगी। वहीं दिल्ली देहरादून हाईवे पर ज़िले से एक कनेक्टिविटी बनाये जाने की ज़रूरत बताई जिससे राहगीरों व शहर वासियों को हाईवे पर चढ़ने में आसानी हो और इस पर सफ़र करना आसान होगा। मंत्री नितिन गडकरी ने दोनो मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे

पिथौरागढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। शुक्रवार को दर्जा राज्यमंत्री गणेश भंडारी व भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने चंडाक मार्ग में जसूली देवी शोक्यानी धर्मशाला के समीप पौधरोपण किया। इस दौरान सहकारी बैंक के निर्वतमान अध्यक्ष मनोज सामंत,इंद्र लुंठी,उमेश महर,ललित जोशी,नरेश जोशी,हरीश रावत,अक्षय शाह,सूरज गिरी,रोहिन बिष्ट,तनिष्क चंद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय आध्यात्मिक सेमिनार का शुभारंभ हुआ

पिथौरागढ़। नगर के एंचोली स्थित आनंद मार्ग स्कूल में तीन दिवसीय आध्यात्मिक सेमिनार का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को आचार्य रागानुगानंदा अवधूत ने प्रवचन दिए। व्यवस्थापक आचार्य गुणधीश ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले सेमिनार में आमजन को आध्यात्मिक जीवन के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही योग के महत्व से भी लोगों को रूबरू कराते हुए योग के विभिन्न आसन सीखाए जाएंगे। कहा कि सेमिनार में हरिद्वार, बरेली, देहरादून से भी सन्यासी यहां पहुंचे हैं। आचार्य ने अधिक से अधिक लोगों से सेमिनार का लाभ उठाने की अपील की है।

## भरतनाट्यम बाल नृत्यांगना स्वस्तिका जोशी को किया सम्मानित

अल्मोड़ा। पैलाग फाउंडेशन के द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की बाल कलाकार स्वस्तिका जोशी को संस्था कार्यालय हीरा डूंगरी में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। देशभर के प्रतिष्ठित मंचों पर उत्तराखंड का नाम भरतनाट्यम नृत्य में रोशन करने वाली बाल नृत्यांगना स्वस्तिका को पैलाग फाउंडेशन की डायरेक्टर कृतिका बिष्ट, रितिका बिष्ट व नमित जोशी ने पुष्प गुच्छ और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। मूल रूप से अल्मोड़ा निवासी स्वस्तिका जोशी वर्तमान में हल्द्वानी के सेंट थेरेसा में कक्षा 6 की छात्रा है। स्वस्तिका तीन वर्षों से भरतनाट्यम नृत्य की विधिवत शिक्षा प्रतिष्ठित गुरु शुभम खोवाल से प्राप्त कर रही हैं। देश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी नृत्य की एकल प्रस्तुति दे चुकी स्वस्तिका को भरतनाट्यम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उज्जैन में शशि कला प्रवीण सम्मान व आगरा से पंडित सुनहरी लाल वर्मा स्मृति पुरस्कार प्राप्त है। स्वस्तिका जोशी बनारस में घाट संध्या में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य संगीत के कार्यक्रम में 11 जुलाई को भरतनाट्यम नृत्य की एकल प्रस्तुति देंगी।

## फायर कर्मियों और मॉल कर्मचारियों ने मिलकर किया फायर फाईटिंग अभ्यास

अल्मोड़ा। फायर स्टेशन अल्मोड़ा की टीम द्वारा रघुनाथ सिटी मॉल अल्मोड़ा में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। शुक्रवार को फायर सर्विस टीम व मॉल के कर्मचारियों द्वारा रघुनाथ सिटी मॉल एण्ड सिनेमा में फायर फाइटिंग का अभ्यास किया गया। जिसके अंतर्गत मॉल के पार्किंग एरिया में कृत्रिम आग लगाकर फायर फाइटिंग टीम द्वारा फायर हाइड्रेंट व प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों द्वारा आग को बुझाया गया। साथ ही प्रभारी फायर स्टेशन अल्मोड़ा लीडिंग फायरमैन किशन सिंह द्वारा मॉल के स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण के संचालन व आग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके उपरांत मॉल का अग्निशमन सुरक्षा दृष्टिकोण से फायर ऑडिट किया गया।

## नशामुक्ति पर गोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

अल्मोड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग अल्मोड़ा द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह' कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को विभागीय संस्था डॉ भीमराव अम्बेडकर बालक छात्रावास में नशामुक्ति से सम्बन्धित गोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका एम एल टम्टा पूर्व वित्त नियंत्रक राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा द्वारा निभाई गई। गोष्ठी में छात्रावास अधीक्षक, कर्मचारी एवं सभी छात्रों द्वारा भाग लिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रावास के छात्र दर्शन कुमार प्रथम, गौरव कुमार द्वितीय तथा मनीष कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

## हरिद्वार में बलात्कार सहित अन्य मामलों को लेकर जलाया भाजपा सरकार का पुतला

पिथौरागढ़। भाजपा सरकार में बलात्कार के बढ़ते मामलों,चोरी-डकैती सहित अन्य मामलों को लेकर कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त किया। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय के पास तिलढुकरी में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला जलाया। वक्ताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड, हेमा नेगी,पिंकी हत्याकांड जैसी घटनाएं भाजपा कार्यकाल में घटित हो रही हैं। भाजपा कार्यकर्ता ने हरिद्वार के बहादराबाद में 13 साल की मासूम के साथ सामूहिक बलात्कार किया और हत्या कर दी। भाजपा सरकार में बेटी बचाओ का सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। इस दौरान त्रिलोक महर,भुवन जोशी,कुंवर बोहरा,दीपक लुंठी,अभिषेक बोहरा,कार्तिक खर्कवाल,सुभाष पाण्डेय,दीपक बेलाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जौलजीबी में 8लीटर कच्ची शराब के साथ एक पकड़ा

पिथौरागढ़। जौलजीबी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति पकड़ा है। एसपी रेखा यादव के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस ने बलमरा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मनीराम के पास आठ लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने संबंधित के खिलाफ भादवि की धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## एबीवीपी की नई कार्यकारिणी गठित

पिथौरागढ़। अभाविप की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रांत अभ्यास वर्ग में इंदर सिंह बथ्याल को जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। राहुल जोशी को विभाग संयोजक,कुशाग्र वर्मा को विभाग सह संयोजक, शीतल गोबाडी को विभाग छात्रा प्रमुख,जगत सिंह कठायत को जिला प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.सचिन बोहरा को विभाग प्रमुख की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

# SSP लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में साइबर ठगों को दबोच रही पौड़ी पुलिस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 29 जून : मातवर सिंह निवासी शिब्बूनगर, कोटद्वार ने कोतवाली कोटद्वार पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने वादी के साथ टोल फ्री नम्बर पर कॉल कर बैलेन्स चैक करने के बहाने रू0 9,80000/- (नौ लाख अस्सी हजार) की साइबर धोखाधड़ी की है। इस शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर मु0अ0सं0 52/2024 ,धारा 420 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा आम जनमानस के साथ हो रही इन नवीन प्रकार की धोखाधड़ी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी कर घटना का अनावरण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार को टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया।



निर्गत निर्देशों को क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन व कुशल सुरागरसी पतारसी कर विभिन्न प्रदेशों में दबिश देकर अथक प्रयासों से उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त नदीम पुत्र मौ0 जमाल भैसामाउ क्रॉसिंग लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार प्रयासरत है।

अपराध करने का तरीका- अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि हम लोग गूगल में फ्रॉड टोल फ्री नंबरों को फ्लैश करवाते हैं जो व्यक्ति इन नंबरों पर कॉल करते है तो हमारी गैंग के लोग उनको अपने जाल में फंसाकर फर्जी लिंक भेजकर धोखाधड़ी से ओटीपी पूछकर उनके अकाउंट से रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कर देते है।

अभियुक्त का नाम पताः- अभियुक्त नदीम पुत्र मौ0 जमाल नि0 चक-नवादा थाना/जिला समस्तीपुर (बिहार) उम्र-36 वर्ष पंजीकृत अभियोगः- मु0अ0स0-




52/2024, धारा 420 भादवि । पुलिस टीम- 1. उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार 2. मुख्य आरक्षी सतेन्द्र यादव 3. मु ख य आरक्षी नरेन्द्र सिंह - साइबर सेल कोटद्वार